HUDCO/List. Comp/SE/2024-25 4th November, 2024

**Listing Department**
**BSE Limited**
**Phiroze Jeejeebhoy Towers**
**Dalal Street**
**Mumbai- 400001**
**Scrip Code- 540530**

**Listing Department**
**National Stock Exchange of India Ltd.**
**Exchange Plaza, C-1, Block G,**
**Bandra Kurla Complex, Bandra (E)**
**Mumbai - 400051**
**Scrip Code- HUDCO**

**Sub: Newspaper Publication - Financial Results.**

Sir/ Madam,

In compliance of Regulation 47 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, please find attached herewith copy of the Newspaper Publication(s) regarding submission of Unaudited Financial Results (Standalone and Consolidated) of the Company for the quarter & half year ended 30th September, 2024.

The above is for the information and dissemination.

धन्यवाद

भवदीय
फॉर हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

VIKAS GOYAL
Digitally signed by VIKAS GOYAL
Date: 2024.11.04 17:12:06 +05'30'

विकास गोयल
कंपनी सेक्रेटरी एंड कंप्लायंस ऑफ़िसर

## काम की खबरें

### 1 विज्ञान प्रतिभा परीक्षा की तारीख में बदलाव हुआ

मुख्यमंत्री विज्ञान प्रतिभा परीक्षा की तारीख में बदलाव किया गया है। परीक्षा अब 10 नवंबर की जगह 17 नवंबर को आयोजित की जाएगी। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय की विज्ञान एवं टीवी शाखा ने सर्कुलर जारी किया है।

### 2 प्रदूषण संबंधित शिकायतों को ऐप 311 पर दर्ज करें

दिल्ली में प्रदूषण की समस्या को लेकर नगर निगम ऐप 311 पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इस संबंध में नगर निगम प्रशासन से लोगों से अपील की है। निगम हेल्पलाइन नंबर 155305 पर भी कॉल कर सकते हैं। नागरिक कार्यों से संबंधित समस्याओं की भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### 3 पीएचडी के लिए आईपी में 30 नवंबर तक मौका

आईपी यूनिवर्सिटी में पीएचडी शीत सत्र के लिए 30 नवंबर तक आवेदन किया जा सकता है। इस सत्र के लिए पीएचडी आईटी, सीएसई, कंप्यूटर एप्लीकेशन, ईसीई, एआई-डाटा साइंस, एआई-मशीन लर्निंग, आईआईओटी, ऑटमेशन एंड रोबोटिक्स सहित अन्य कोर्स हैं।

### 4 निगम के हेल्पलाइन पर कॉल कर समस्या बताएं

दिल्ली में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया की बीमारियों से जुड़ी समस्या को लेकर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इसमें विभिन्न जगहों पर पानी जमा होने, मच्छर के लार्वा को नष्ट करने, मच्छर रोधी दवा का छिड़काव करने आदि को लेकर निगम की हेल्पलाइन नंबर 155305 पर कॉल कर सकते हैं।

### 5 संसाधन केंद्रों में आठ नवंबर तक थेरेपी सत्र

संसाधन केंद्रों में दिव्यांग और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए आठ नवंबर तक थेरेपी सत्र आयोजित किए जाएंगे। पहली बार संसाधन केंद्र में जाने वाले बच्चों के साथ विशेष शिक्षा शिक्षक मौजूद रहेंगे। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय की समावेशी शिक्षा शाखा ने सर्कुलर जारी किया है।

## आज का मौसम

33.0° अधिकतम | 17.0° न्यूनतम

सूर्योदय : 06:33 | सूर्यास्त : 17:35

**अनुमान**

मौसम विभाग के अनुसार, आसमान हल्की धुंध छाए रहने के आसार हैं।

## शहर 30s

### इंडोर स्टेडियम फरवरी तक तैयार होगा

**नई दिल्ली।** आईपी यूनिवर्सिटी के द्वारका कैंपस में बन रहा इंडोर स्टेडियम फरवरी 2025 तक तैयार हो जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक लगभग 20 करोड़ की लागत से बन रहे इस स्टेडियम का लगभग 60 फीसदी काम पूरा हो चुका है। छात्र-छात्राओं के बीच खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए तीन हजार 750 वर्गमीटर क्षेत्र में स्टेडियम को तैयार किया जा रहा है।

### संपत्तिकर जमा न करने वालों को नोटिस भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने संपत्तिकर जमा करने को लेकर लोगों को नोटिस भेजा है। कई करदाताओं ने लंबे समय से संपत्तिकर को जमा नहीं कराया है। ऐसे सभी करदाताओं को संपत्तिकर जमा कराने के लिए कहा गया है। साथ ही संपत्तिकर जमा करने में कोई बाधा न आए, इसके लिए अगले एक माह के दौरान जोन स्तर पर विशेष शिविर भी लगाए जाएंगे।

### यमुना शुद्धीकरण के लिए भिक्षाटन महायज्ञ शुरू

**नई दिल्ली।** यमुना संसद की ओर से भाई दूज के मौके पर यमुना की शुद्धीकरण के लिए रविवार से भिक्षाटन महायज्ञ की शुरुआत की गई। दिल्ली के आईटीओ छठ घाट पर आयोजित कार्यक्रम में यमुना संसद के संयोजक और यमुना भिक्षु रविशंकर तिवारी ने कहा कि भिक्षाटन महायज्ञ अगले साल भाई दूज तक चलेगा। इस दौरान दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे ब्रज क्षेत्र में घर-घर तक यमुना की पीड़ा को लेकर भिक्षु पहुंचेंगे।

### ऑटो में बैठे शख्स का बदमाश ने बैग झपटा

**नई दिल्ली।** न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी इलाके में घुटने के दर्द से ग्रसित एक 58 वर्षीय शख्स से बदमाश ने बैग झपट लिया। पीड़ित ऑटो से मार्केट जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक अब्दुल हक फरमान अपने परिवार के साथ डीडीए फ्लैट्स, जसोला में रहते हैं। 29 अक्तूबर को वह मथुरा रोड पर पहुंचे तो लाल बत्ती के कारण यातायात रुका हुआ था। तभी एक लड़का आया और बैग लेकर फरार हो गया।

### डाबड़ी में लूट का विरोध करने पर की थी हत्या

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने डाबड़ी इलाके में युवक की हत्या करने के मामले में गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी रवि ने बताया कि लूटपाट का विरोध करने पर उसने चाकू मारकर सद्दाम की हत्या की थी। एसआई दीपेंद्र और एसआई इमरान की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान कर उसे दबोच लिया।

### जामिया मिल्लिया में प्रवेश परीक्षा का आयोजन

**नई दिल्ली।** जामिया मिल्लिया इस्लामिया में रविवार दिन में अलग-अलग कार्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें 11 सौ के लगभग उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया। कुलपति प्रो. मजहर आसिफ और कार्यवाहक रजिस्ट्रार प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिजवी ने परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभ्यर्थियों से भी बातचीत की।

### रेल यात्रियों के लिए मेडिकल कैंप लगाया

**नई दिल्ली।** छठ के मौके पर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से सफर कर रहे यात्रियों के लिए स्वास्थ्य सेवा की व्यवस्था भी प्लेटफार्म संख्या16 पर की गई है। यहां पर डॉक्टरों को तैनात किया गया है जो तबियत खराब होने पर यात्रियों को प्राथमिक उपचार एवं दवाइयां दे रहे हैं। यहां पर लगभग 50 मरीज रोजाना डॉक्टर से उपचार पा रहे हैं। इसके अलावा अगर किसी को गंभीर बीमारी होती है तो उसे तुरंत दूसरे अस्पताल में रेफर किया जाता है।

### डेंगू की साप्ताहिक रिपोर्ट जारी करने की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अस्पतालों में मच्छर जनित बीमारियों के इलाज के लिए मरीज पहुंच रहे हैं। साथ ही कई सोसाइटियों की आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों ने डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों की साप्ताहिक रिपोर्ट तुरंत जारी करने की मांग की है। रिपोर्ट जारी होने से बीमारी के बारे में पता चलेगा।

### मुख्यमंत्री ने एक सप्ताह के भीतर एलजी को प्रस्ताव भेजने का वादा किया

# बस मार्शलों को पक्का करने का प्रस्ताव लाएगी सरकार : आतिशी

**दावा**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** राजधानी में लगभग एक साल से संघर्ष कर रहे सिविल डिफेंस कर्मचारियों और बस मार्शलों को पक्का करने के लिए दिल्ली सरकार प्रस्ताव लाएगी। मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को कहा कि एक सप्ताह के भीतर एलजी को इस बाबत प्रस्ताव भेजा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा उपराज्यपाल से एक सप्ताह के भीतर इस प्रस्ताव को पास कर 10 हजार बस मार्शलों को पक्का करने का काम करवाएं। उन्होंने कहा कि बस मार्शल के मुद्दे पर भाजपा राजनीति कर रही है। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप की सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए 10 हजार बस मार्शलों को लगाया था। इससे गरीब घरों के बच्चों को रोजगार मिला और महिलाओं को बस में सुरक्षा मिली। महिलाओं के साथ बसों में होने वाली बदसलूकी और छेड़छाड़ की घटनाएं बंद हो गई, लेकिन भाजपा ने अप्रैल 2023 से इन मार्शलों के साथ अन्याय करना शुरू किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा के अधिकारियों ने इन बस मार्शलों का वेतन अप्रैल 2023 से रोक लिया और इन्हें निकालने के लिए दबाव बनाने लगे। आप पार्टी के नेताओं ने संघर्ष कर इन्हें वेतन दिलाया। इस पर भाजपा ने षड्यंत्र रचकर अक्तूबर 2023 में बस मार्शलों को निकाल दिया। आम आदमी पार्टी ने बार-बार कहा कि ये बेरोजगार होंगे और महिलाओं की सुरक्षा खतरे में पड़ेगी, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई।

**संविदा कर्मचारियों पर ध्यान नहीं देती भाजपा :** आतिशी ने कहा कि भाजपा के किसी भी राज्य में संविदा कर्मचारियों की हालत देखी जा सकती है। राजस्थान में 1.10 लाख, मध्य प्रदेश में 1.84 लाख, छत्तीसगढ़ में 45 हजार और उत्तर प्रदेश में दो लाख से ज्यादा संविदा कर्मचारी हैं। भाजपा ने चुनाव के समय वादा किया था कि उन्हें नियमित किया जाएगा, लेकिन किसी को पक्का नहीं किया गया। आतिशी ने कहा कि अगर पूरे देश में कोई एक पार्टी है जिसने कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने का काम किया है तो वह आम आदमी पार्टी है। दिल्ली नगर निगम में दो साल के भीतर 10 हजार से ज्यादा सफाई कर्मचारियों को पक्का किया गया है। दूसरी ओर पंजाब सरकार ने 12 हजार से ज्यादा कच्चे शिक्षकों को पक्का किया है।



आप मुख्यालय में रविवार को प्रेसवार्ता करतीं मुख्यमंत्री आतिशी।

**10** हजार मार्शल एक साल से नौकरी के लिए संघर्ष कर रहे

### बहाली के लिए आज सीएम आवास जाएंगे भाजपा नेता

बस मार्शलों की बहाली के मामले पर सोमवार को भाजपा नेता सीएम आवास पर जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि बस मार्शलों को बहाल करने की मांग से आप सरकार बौखला गई है। वह यह जवाब नहीं दे पा रही है कि आखिर एलजी के आदेश के बाद भी उन्हें एक नवंबर से बहाल क्यों नहीं किया गया।

सचदेवा ने कहा कि सिविल डिफेंस वॉलंटियर अस्थाई कर्मी हैं। इन्हें काम के दिनों के आधार पर वेतन मिलता है। सरकार की लापरवाही से इनकी बहाली में देरी हो रही है और इसका असर उनके वेतन पर पड़ेगा। सचदेवा ने आरोप लगाया कि आप सरकार की नीतियों के चलते ही इनकी नौकरी गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एक भी भाजपा शासित राज्य का नाम बताएं, जहां संविदा कर्मचारी हटाए गए हैं या उनके सामने वेतन का संकट आया है। उन्होंने कहा कि चार नवंबर की सुबह 11 बजे भाजपा नेता और कार्यकर्ता मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर पहुंचेंगे और बस मार्शलों की बहाली का आदेश देने की मांग करेंगे।

### चार दिन में काम पर बुलाया जाएगा

मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि बस मार्शलों को किन जगहों पर तैनात करना है, इसके लिए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय के साथ बैठक में निर्णय हो चुका है। इसे लेकर कागजी कार्रवाई पूरी हो चुकी है। दो से चार दिन के भीतर मार्शलों को कॉल जाएगा और उन्हें प्रदूषण की रोकथाम के काम में तैनात किया जाएगा।

# दिल्ली को बचाने के लिए चुनाव में वोट दें : केजरीवाल


राजौरी गार्डन में रविवार को लोगों के साथ सेल्फी लेते पूर्व सीएम। • एजेंसी

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** विधानसभा चुनाव को लेकर अरविंद केजरीवाल ने पदयात्रा के दूसरे चरण की शुरुआत रविवार को राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्र से की। इस दौरान उन्होंने जनता से कहा कि यह चुनाव आम आदमी पार्टी को जितवाने का नहीं बल्कि दिल्ली को बचाने का चुनाव है।

उन्होंने कहा कि अगर गलती से भाजपा की सरकार बन गई तो बीते 10 वर्षों में आप की सरकार द्वारा किए गए सभी काम को वह खत्म कर देंगे। ऐसा करने से अन्य राज्यों की भाजपा सरकार को जनता को जवाब नहीं देना पड़ेगा।

पदयात्रा के दौरान अरविंद केजरीवाल ने लोगों से मुलाकात की और छात्राओं के साथ सेल्फी खिंचवाई। उन्होंने लोगों के बीच में कहा कि 10 साल पहले उन्हें दिल्ली की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। बीते 10 वर्षों में उन्होंने ईमानदारी से काम किया है। दिल्ली में इतने काम हुए हैं जो शायद 75 वर्षों में किसी भी राज्य में नहीं किए गए हैं। दूसरी पार्टियां यह काम नहीं कर सकती क्योंकि उनकी नीयत ठीक नहीं है।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि पहले चरण की पदयात्रा में दिल्लीवालों ने केजरीवाल को जबरदस्त प्यार और आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा कि नवंबर और दिसंबर में दिल्ली की सभी विधानसभा क्षेत्रों में अरविंद केजरीवाल की पदयात्रा होगी।

# प्रदूषण फैलाने वाले 597 निर्माण स्थलों पर जुर्माना

**सख्ती**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** राजधानी दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए ग्रैप के पहले और दूसरे चरण की पाबंदियां लागू की गई है। केन्द्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के मुताबिक, 15 अक्तूबर से लेकर 31 अक्तूबर के बीच ग्रैप प्रतिबंधों का उल्लंघन करने वाले 597 निर्माण स्थलों पर जुर्माना लगाया गया है। साथ ही 54 हजार वाहनों का चालान किया गया है।

आयोग ने सभी संबंधित संस्थाओं से इनका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तेज अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। इन पर हो रही कार्रवाई की निगरानी के लिए आयोग द्वारा एक नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है। साथ ही संबंधित अधिकारियों का व्हाट्सऐप ग्रुप भी बनाया गया है।

**सात हजार स्थलों का निरीक्षण किया :** आयोग के मुताबिक, 15 अक्तूबर से 31 अक्तूबर के बीच चलाए गए अभियान में दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में अलग-अलग टीमों ने लगभग सात हजार निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान खामियां मिलने पर 597 निर्माण स्थलों पर जुर्माना लगाया गया है। नियमों का ज्यादा उल्लंघन कर रहे 56 निर्माण स्थलों पर काम को बंद करा दिया गया है। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में लगभग 54 हजार वाहनों का चालान किया गया है। अपनी समयावधि पूरी कर चुके 3900 वाहनों पर भी कार्रवाई की गई।

### राजधानी में सफाई के लिए 81 मशीन तैनात

आयोग ने रविवार को बताया कि दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण की रोकथाम के लिए व्यापक कदम उठाए गए हैं। केवल दिल्ली में ही 81 मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनें तैनात की गई हैं। हरियाणा और उत्तर प्रदेश के एनसीआर जिलों में 36 ऐसे वाहनों की तैनाती की गई है। वहीं, पूरे दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में 600 वाटर स्प्रिंकलर और एंटी स्मॉग गन की तैनाती की गई है।

# जनता को गुमराह कर रही आप : कांग्रेस

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने रविवार को जारी बयान में आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी के नेता पदयात्रा के जरिए दिल्ली के लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।

पिछले 11 साल के आप सरकार के शासन में दिल्लीवालों की उपेक्षा की गई है। दिल्ली में विकास के ढांचे को नष्ट कर दिया गया है। इसी के चलते पदयात्रा के दौरान जगह-जगह पर आप नेताओं को विरोध का सामना करना पड़ रहा है। यादव ने कहा कि जनलोकपाल और स्वराज की बात करने वाले आप नेताओं पर से दिल्ली की जनता का विश्वास खतम हो चुका है।

# गिरने लगा तापमान, आज से कोहरा छाने के आसार

**मौसम का मिजाज**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** राजधानी दिल्ली में रविवार की सुबह इस सीजन में सबसे ज्यादा ठंडी रही। दिल्ली के सफदरजंग मौसम केंद्र में न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

हालांकि, दिल्ली का अधिकतम और न्यूनतम तापमान अभी भी सामान्य से ज्यादा है, लेकिन तीन-चार दिन पहले की तुलना में इसमें दो से तीन डिग्री तक की गिरावट आई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि सोमवार से हल्के कोहरे का आगाज भी दिल्ली में हो सकता है।

राजधानी में इस बार अक्तूबर का अधिकतम और न्यूनतम तापमान पिछले 73 सालों में सबसे ज्यादा रहा। दीवाली के बाद से इसमें बदलाव देखने को मिल रहा है। दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में सुबह के समय हल्की धुंध देखने को मिल रही है। दिन के समय आसमान साफ रहता है। दोपहर तीन बजे के बाद से धूप कमजोर पड़ रही है और फिर से हल्की धुंध हो रही है। इसके चलते तापमान में गिरावट आई है। दिल्ली के सफदरजंग मौसम केन्द्र में रविवार को न्यूनतम तापमान 16.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य से एक डिग्री ज्यादा है।

### हवा की गति घटेगी

सोमवार की सुबह हल्का कोहरा दिख सकता है। इसके चलते स्मॉग की स्थिति भी बनने की आशंका है। दिन के समय आसमान साफ रहने का अनुमान है। अधिकतम तापमान 33 और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस तक रहेगा। हवा की रफ्तार ज्यादातर समय 10 किलोमीटर प्रति घंटे से कम रहने के आसार हैं। रविवार को सफदरजंग मौसम केंद्र में अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो कि सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा है।


**भारतीय रिज़र्व बैंक**
www.rbi.org.in

**डिप्टी गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक के पद के लिए आवेदन आमंत्रित है**

1. **अर्हता एवं अनुभव:**
   (i) भारत सरकार में सचिव अथवा समतुल्य स्तर के अनुभव सहित लोक प्रशासन में कम से कम 25 वर्ष के कार्य अनुभव वाले व्यक्ति; अथवा
   (ii) भारतीय अथवा अंतर्राष्ट्रीय लोक वित्त संस्थान में कम से कम 25 वर्ष के कार्य अनुभव वाले व्यक्ति; अथवा
   (iii) राष्ट्रीय अथवा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संगत क्षेत्र (क्षेत्रों) में विलक्षण प्रतिभा तथा बेहतर कार्यनिष्पादन के रिकॉर्ड वाले व्यक्ति।
2. **आयु:**
   दिनांक 15.1.2025 की स्थिति के अनुसार 60 वर्ष से अधिक न हो।
3. **वेतन एवं भत्ते:**
   यह पद 2,25,000 रुपए (लेवल 17) के वेतनमान में है।
4. **कार्यकाल:**
   यह नियुक्ति 3 वर्ष की अवधि के लिए होगी और उक्त व्यक्ति पुनर्नियुक्ति के पात्र होंगे।
5. **आवेदन प्रस्तुत करना:**
   सीवी, एक पासपोर्ट आकार की फोटो तथा तीन परिचितों के नाम तथा उनके संपर्क के ब्यौरे के साथ विधिवत भरे हुए आवेदन नीचे उल्लिखित अधिकारी को प्रस्तुत किये जाएं:
   श्री संजय कुमार मिश्र
   अवर सचिव (बीओ.I)
   वित्तीय सेवाएं विभाग
   वित्त मंत्रालय, द्वितीय तल, जीवन दीप भवन, संसद मार्ग,
   नई दिल्ली -110001
   दूरभाष: 011-23747189, ई-मेल: bo1@nic.in

5.1 आवेदन का प्रारूप https://financialservices.gov.in/ और https://rbi.org.in/ पर उपलब्ध है।

6. **अंतिम तिथि :** आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख **30 नवम्बर 2024** है।

टिप्पणी: (i) वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग आवेदन प्राप्त न होने अथवा इसे प्राप्त होने में किसी भी प्रकार के विलम्ब के लिए जवाबदेह नहीं होगा।
(ii) यह नोट किया जा सकता है कि वित्तीय क्षेत्र विनियामकीय नियुक्ति सर्च समिति (एफएसआरएएससी) भी ऐसे व्यक्ति, जिन्होंने इस पद के लिए आवेदन नहीं किया है, की पहचान तथा उनकी अनुशंसा कर सकती है। यह समिति उत्कृष्ट अभ्यर्थियों के संबंध में पात्रता तथा अर्हता/अनुभव मानदंडों में छूट की सिफारिश भी कर सकती है।



**हाउसिंग एण्ड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (हडको)**
(भारत सरकार का उपक्रम)
हडको hudco A NAVRATNA CPSE
सीआईएन: L74899DL1970GOI005276 | जीएसटीआईएन: 07AAACH0632A1ZF | वेबसाइट: www.hudco.org.in
पंजीकृत कार्यालय: हडको भवन, कोर 7ए, इंडिया हैबीटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003




**30 सितम्बर, 2024 को समाप्त को तिमाही/छमाही के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (एकल तथा समेकित) का सार**

(₹ करोड़ में)

| विवरण | एकल | | | | | समेकित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | समाप्त तिमाही | | समाप्त छमाही | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | समाप्त छमाही | | समाप्त वर्ष |
| | 30/09/24 (अलेखापरीक्षित) | 30/09/23 (अलेखापरीक्षित) | 30/09/24 (अलेखापरीक्षित) | 30/09/23 (अलेखापरीक्षित) | 31/03/24 (लेखापरीक्षित) | 30/09/24 (अलेखापरीक्षित) | 30/09/23 (अलेखापरीक्षित) | 30/09/24 (अलेखापरीक्षित) | 30/09/23 (अलेखापरीक्षित) | 31/03/24 (लेखापरीक्षित) |
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 2,517.72 | 1,864.80 | 4,706.07 | 3,706.41 | 7,784.29 | 2,517.72 | 1,864.80 | 4,706.07 | 3,706.41 | 7,784.29 |
| अवधि का शुद्ध लाभ (कर एवं अपवादात्मक मद पूर्व) | 1,000.04 | 606.42 | 1,684.74 | 1,204.23 | 2,843.44 | 1,000.04 | 606.38 | 1,684.74 | 1,204.14 | 2,843.39 |
| अवधि का कर पूर्व शुद्ध लाभ (अपवादात्मक मदों के उपरांत) | 1,000.04 | 606.42 | 1,684.74 | 1,204.23 | 2,843.44 | 1,000.04 | 606.38 | 1,684.74 | 1,204.14 | 2,843.39 |
| अवधि का कर उपरांत शुद्ध लाभ (अपवादात्मक मदों के उपरांत) | 688.62 | 451.69 | 1,246.37 | 897.39 | 2,116.74 | 688.62 | 451.65 | 1,246.37 | 897.30 | 2,116.69 |
| अवधि की कुल समेकित आय (अवधि का समेकित लाभ (कर उपरांत) तथा अन्य समेकित आय (कर उपरांत) को मिलाकर) | 537.03 | 447.03 | 1,075.72 | 899.74 | 2,136.52 | 537.03 | 446.99 | 1,075.72 | 899.65 | 2,136.47 |
| प्रदत्त साम्य शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- ₹ प्रति) | 2,001.90 | 2,001.90 | 2,001.90 | 2,001.90 | 2,001.90 | 2,001.90 | 2,001.90 | 2,001.90 | 2,001.90 | 2,001.90 |
| अन्य साम्य (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़ कर) | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | 14,612.40 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | 14,610.66 |
| प्रतिभूति प्रीमियम खाता | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | 1.26 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | 1.26 |
| निवल मूल्य | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | 16,614.30 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | 16,612.56 |
| प्रदत्त उधार पूंजी/बकाया उधार* | - | - | - | - | 74,032.21 | - | - | - | - | 74,032.21 |
| उधार साम्य अनुपात | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | 4.05 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | 4.05 |
| प्रति शेयर अर्जन (अंकित मूल्य 10/-₹ प्रति) (वार्षिकीकृत नहीं) | | | | | | | | | | |
| i) बेसिक (₹) | 3.44 | 2.26 | 6.23 | 4.48 | 10.57 | 3.44 | 2.26 | 6.23 | 4.48 | 10.57 |
| ii) डायल्यूटिड (₹) | 3.44 | 2.26 | 6.23 | 4.48 | 10.57 | 3.44 | 2.26 | 6.23 | 4.48 | 10.57 |
| डिबेंचर मोचन रिजर्व** (वर्ष के अंत में) | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | 2,726.11 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | 2,726.11 |


*इन्डएएस समायोजन को छोड़कर बकाया उधार ** 31 मार्च, 2024 को डिबेंचर मोचन रिजर्व


**टिप्पणियाँ**


1. कंपनी के उपर्युक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा की जा चुकी है और तदुपरांत इसे 29 अक्टूबर, 2024 को आयोजित निदेशक मंडल की बैठक में अनुमोदित किया गया। इन वित्तीय परिणामों की कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा भी समीक्षा की गई हैं।
2. उपर्युक्त विवरण सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटन अर्हता) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 तथा 52 के अंतर्गत, स्टॉक एक्सचेंज में दर्ज किए गए तिमाही/अर्द्धवार्षिक की अवधि के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रपत्र का सार है। वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रपत्र बीएसई लिमिटेड (URL:www.bseindia.com/ corporates), एनएसई) नेशनल एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (URL:www.nseindia.com/ corporates), तथा कंपनी की वेबसाइट (URL:www.hudco.org) पर भी उपलब्ध है ।
3. लिस्टिंग विनियमन के विनियमन 52(4) में संदर्भित अन्य क्रमिक मदों की जानकारी, बीएसई लिमिटेड (URL: www.bseindia.com/corporates), नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (URL: www.nseindia.com/corporates) की वेबसाइटों पर दी गई है और यह कंपनी की वेबसाइट (URL: www-hudco.org.in) पर भी उपलब्ध है।
4. तिमाही/अर्द्धवार्षिक अवधि के दौरान लेखांकन नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है और लेखांकन नीतियों में बदलाव (वों) के कारण शुद्ध लाभ/हानि या कुल समेकित आय या किसी अन्य संबंधित वित्तीय मदों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

**स्थान :** नई दिल्ली
**दिनांक :** 29 अक्टूबर, 2024


निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से
हस्ता/-
**श्री संजय कुलश्रेष्ठ**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक


कोचीन इन्टरनेशनल एयरपोर्ट


वेस्ट वाटर ट्रीटमैंट प्लांट, उदयपुर


बाघलीहार हायड्रो इलैक्ट्रिक पॉवर प्लांट


आंध्र प्रदेश टॉउनशिप


विधान सभा कॉम्प्लैक्स, ...

# अजित गुट ने नवाब मलिक को उतारा, BJP बोली-हम प्रचार नहीं करेंगे

■ एनबीटी, मुंबई

**अजित पवार** की अगुवाई वाली एनसीपी ने मंगलवार को सहयोगी दल बीजेपी की आपत्ति को नजरअंदाज करते हुए पूर्व मंत्री नवाब मलिक को मानखुर्द शिवाजी नगर विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बना दिया। बीजेपी ने चेतावनी दी है कि अंडरवर्ल्ड सरगना दाऊद इब्राहिम के साथ कथित संबंधों के कारण वह नवाब मलिक के लिए प्रचार नहीं करेगी। मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तारीख थी। अणुशक्ति नगर से विधायक नवाब मलिक समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी के खिलाफ मानखुर्द शिवाजी नगर निर्वाचन क्षेत्र से चुनावी किस्मत आजमाएंगे। उनकी बेटी एनसीपी उम्मीदवार सना मलिक ने अणुशक्ति नगर से चुनाव लड़ने के लिए सोमवार को अपना नामांकन दाखिल किया था। नवाब मलिक ने अपनी दो बेटियों सना मलिक और नीलोफर मलिक की मौजूदगी में नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद कहा, मैंने मानखुर्द शिवाजी नगर निर्वाचन क्षेत्र से एनसीपी उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया। मैंने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर भी पर्चा दाखिल किया था, लेकिन अब मैं एनसीपी का आधिकारिक उम्मीदवार हूं। एनसीपी का यह कदम इसलिए अहम है, क्योंकि बीजेपी ने मलिक के नामांकन पर कड़ी आपत्ति जताई है। मुंबई इकाई के बीजेपी अध्यक्ष आशीष शेलार ने मलिक के नामांकन का विरोध करते हुए कहा कि बीजेपी उनके लिए प्रचार नहीं करेगी।



## शरद की NCP ने 5 और उम्मीदवार उतारे

शरद पवार की अगुआई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (SP) ने मंगलवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए अपने पांच और उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए। इस तरह NCP (SP) अब तक 87 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर चुकी है। पार्टी ने सोमवार को 20 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए सात उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की थी। इसमें नागपुर जिले के कटोल विधानसभा क्षेत्र से मौजूदा विधायक अनिल देशमुख की जगह उनके बेटे सलिल को टिकट दिया गया है।

# पुलिया से टकराई बस, 12 की मौत

■ **आईएएनएस, जयपुर:** सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ इलाके में मंगलवार को एक बस पुलिया से टकरा गई। इस हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई और 30 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। इस हादसे पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने दुख जताया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बस सालासर से लक्ष्मणगढ़ आ रही थी। इस दौरान बस अनियंत्रित होकर लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र में पुलिया से टकरा गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया।

# बम धमकी मामले में एक और की पहचान

■ **पीटीआई, नागपुर:** विमानों में बम की धमकी देने के मामले में महाराष्ट्र के नागपुर पुलिस ने गोंदिया के रहने वाले 35 साल के एक व्यक्ति की पहचान की है। पिछले दिनों मिली इस प्रकार की धमकियों के चलते दहशत फैल गई, उड़ानों में देरी हुई और एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ानी पड़ी। नागपुर शहर की पुलिस की स्पेशल ब्रांच ने आरोपी की पहचान जगदीश उइके के रूप में की है जो आतंकवाद पर एक किताब का लेखक है। उन्होंने बताया कि व्यक्ति को एक मामले में 2021 में गिरफ्तार किया गया था। सीनियर पुलिस अधिकारी ने कहा, 'धमकी भरे ईमेल का उइके से संबंध होने का पता चलने के बाद से वह फरार है।' डीसीपी श्वेता खेडकर के नेतृत्व में की गई जांच में उइके के ईमेल से जुड़े विस्तृत तथ्य सामने आए।

**विज्ञापन संख्या 112/2024**

भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
**भारत पेट्रोरिसोर्स लिमिटेड**
**में**
**प्रबंध निदेशक**
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि **25.11.2024 (15:00 बजे तक)** हैं।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि **04.12.2024 (15:00 बजे तक)** हैं।
जानकारी के लिए वेबसाइट
**https://pesb.gov.in**
में लॉग इन करें।










## हाउसिंग एण्ड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (हडको)

(भारत सरकार का उपक्रम)

सीआईएन: L74899DL1970GOI005276 | जीएसटीआईएन: 07AAACH0632A1ZF | वेबसाइट: www.hudco.org.in

पंजीकृत कार्यालय: हडको भवन, कोर 7ए, इंडिया हैबीटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

हडको hudco A NAVRATNA CPSE




### 30 सितम्बर, 2024 को समाप्त को तिमाही/छमाही के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (एकल तथा समेकित) का सार

(₹ करोड़ में)

| विवरण | एकल | | | | | समेकित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | समाप्त तिमाही | | समाप्त छमाही | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | समाप्त छमाही | | समाप्त वर्ष |
| | 30/09/24 (अलेखापरीक्षित) | 30/09/23 (अलेखापरीक्षित) | 30/09/24 (अलेखापरीक्षित) | 30/09/23 (अलेखापरीक्षित) | 31/03/24 (लेखापरीक्षित) | 30/09/24 (अलेखापरीक्षित) | 30/09/23 (अलेखापरीक्षित) | 30/09/24 (अलेखापरीक्षित) | 30/09/23 (अलेखापरीक्षित) | 31/03/24 (लेखापरीक्षित) |
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 2,517.72 | 1,864.80 | 4,706.07 | 3,706.41 | 7,784.29 | 2,517.72 | 1,864.80 | 4,706.07 | 3,706.41 | 7,784.29 |
| अवधि का शुद्ध लाभ (कर एवं अपवादात्मक मद पूर्व) | 1,000.04 | 606.42 | 1,684.74 | 1,204.23 | 2,843.44 | 1,000.04 | 606.38 | 1,684.74 | 1,204.14 | 2,843.39 |
| अवधि का कर पूर्व शुद्ध लाभ (अपवादात्मक मदों के उपरांत) | 1,000.04 | 606.42 | 1,684.74 | 1,204.23 | 2,843.44 | 1,000.04 | 606.38 | 1,684.74 | 1,204.14 | 2,843.39 |
| अवधि का कर उपरांत शुद्ध लाभ (अपवादात्मक मदों के उपरांत) | 688.62 | 451.69 | 1,246.37 | 897.39 | 2,116.74 | 688.62 | 451.65 | 1,246.37 | 897.30 | 2,116.69 |
| अवधि की कुल समेकित आय (अवधि का समेकित लाभ (कर उपरांत) तथा अन्य समेकित आय (कर उपरांत) को मिलाकर) | 537.03 | 447.03 | 1,075.72 | 899.74 | 2,136.52 | 537.03 | 446.99 | 1,075.72 | 899.65 | 2,136.47 |
| प्रदत्त साम्य शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- ₹ प्रति) | 2,001.90 | 2,001.90 | 2,001.90 | 2,001.90 | 2,001.90 | 2,001.90 | 2,001.90 | 2,001.90 | 2,001.90 | 2,001.90 |
| अन्य साम्य (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़ कर) | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | 14,612.40 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | 14,610.66 |
| प्रतिभूति प्रीमियम खाता | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | 1.26 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | 1.26 |
| निवल मूल्य | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | 16,614.30 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | 16,612.56 |
| प्रदत्त उधार पूंजी/बकाया उधार* | - | - | - | - | 74,032.21 | - | - | - | - | 74,032.21 |
| उधार साम्य अनुपात | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | 4.05 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | 4.05 |
| प्रति शेयर अर्जन (अंकित मूल्य 10/-₹ प्रति) (वार्षिकीकृत नहीं) | | | | | | | | | | |
| i) बेसिक (₹) | 3.44 | 2.26 | 6.23 | 4.48 | 10.57 | 3.44 | 2.26 | 6.23 | 4.48 | 10.57 |
| ii) डायल्यूटिड (₹) | 3.44 | 2.26 | 6.23 | 4.48 | 10.57 | 3.44 | 2.26 | 6.23 | 4.48 | 10.57 |
| डिबेंचर मोचन रिजर्व** (वर्ष के अंत में) | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | 2,726.11 | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | 2,726.11 |

*इन्डएएस समायोजन को छोड़कर बकाया उधार ** 31 मार्च, 2024 को डिबेंचर मोचन रिजर्व

**टिप्पणियाँ**

1. कंपनी के उपर्युक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा की जा चुकी है और तदुपरांत इसे 29 अक्टूबर, 2024 को आयोजित निदेशक मंडल की बैठक में अनुमोदित किया गया। इन वित्तीय परिणामों की कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा भी समीक्षा की गई हैं।
2. उपर्युक्त विवरण सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटन अर्हता) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 तथा 52 के अंतर्गत, स्टॉक एक्सचेंज में दर्ज किए गए तिमाही/अर्द्धवार्षिक की अवधि के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रपत्र का सार है। वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रपत्र बीएसई लिमिटेड (URL:www.bseindia.com/ corporates), एनएसई) नेशनल एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (URL:www.nseindia.com/ corporates), तथा कंपनी की वेबसाइट (URL:www.hudco.org) पर भी उपलब्ध है ।
3. लिस्टिंग विनियमन के विनियमन 52(4) में संदर्भित अन्य क्रमिक मदों की जानकारी, बीएसई लिमिटेड (URL: www.bseindia.com/corporates), नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (URL: www.nseindia.com/corporates) की वेबसाइटों पर दी गई है और यह कंपनी की वेबसाइट (URL: www-hudco.org.in) पर भी उपलब्ध है।
4. तिमाही/अर्द्धवार्षिक अवधि के दौरान लेखांकन नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है और लेखांकन नीतियों में बदलाव (वों) के कारण शुद्ध लाभ/हानि या कुल समेकित आय या किसी अन्य संबंधित वित्तीय मदों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से
हस्ता/–
**श्री संजय कुलश्रेष्ठ**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

**स्थान :** नई दिल्ली
**दिनांक :** 29 अक्टूबर, 2024




# अनंत राज लिमिटेड

Anant Raj Limited

**सीआईएन: L45400HR1985PLC021622**

पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नंबर: सीपी-1, सेक्टर-8, आईएमटी मानेसर, हरियाणा -122051, टेलीफैक्स: 0124-4265817

प्रधान कार्यालय: एच-65, कनॉट सर्कस, नई दिल्ली-110001, दूरभाष: 011-43034400, 011-23324127

ई-मेल: manojpahwa@anantrajlimited.com, वेबसाइट: www.anantrajlimited.com

## 30 सितम्बर, 2024 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अलेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का विवरण

(प्रति शेयर डेटा को छोड़कर करोड़ रुपये में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त छमाही | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.09.2024 (अलेखापरीक्षित) | 30.06.2024 (अलेखापरीक्षित) | 30.09.2023 (अलेखापरीक्षित) | 30.09.2024 (अलेखापरीक्षित) | 30.09.2023 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2024 (लेखापरीक्षित) |
| 1. | प्रचालनों से कुल आय (निवल) | 523.75 | 481.66 | 340.83 | 1005.41 | 666.60 | 1520.74 |
| 2. | अवधि हेतु निवल लाभ/(हानि) (कर, अपवादित मदों तथा एसोसिएट और संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओं में लाभ (हानि) के शेयर से पूर्व) | 114.11 | 103.74 | 76.15 | 217.85 | 133.62 | 318.58 |
| 3. | अवधि हेतु निवल लाभ/(हानि) (कर, एसोसिएट और संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओं में लाभ (हानि) के शेयर से पूर्व तथा अपवादित मदों के पश्चात) | 114.11 | 103.74 | 76.15 | 217.85 | 133.62 | 318.58 |
| 4. | कर पश्चात अवधि हेतु निवल लाभ/(हानि) (अपवादित मदों तथा एसोसिएट और संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओं में लाभ (हानि) के पश्चात) | 105.65 | 91.01 | 60.37 | 196.66 | 110.49 | 265.93 |
| 5. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) से निर्मित] | 104.13 | 91.01 | 60.37 | 195.14 | 110.49 | 263.95 |
| 6. | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (रु. 2/- प्रत्येक का अंकित मूल्य) | 68.38 | 68.38 | 64.82 | 68.38 | 64.82 | 68.38 |
| 7. | अन्य इक्विटी | | | | | | 3587.98 |
| 8. | आय प्रति शेयर (रु. 2/- प्रत्येक के) | | | | | | |
| | (क) बेसिक ईपीएस (रु.) (वार्षिकीकृत नहीं) | 3.09 | 2.66 | **1.85** | 5.75 | 3.42 | 7.96 |
| | (ख) डाइल्यूटेड ईपीएस (रु.) (वार्षिकीकृत नहीं) | 3.09 | 2.66 | **1.85** | 5.75 | 3.42 | 7.96 |

**टिप्पणियां:**

1. 30 सितम्बर, 2024 को समाप्त तिमाही और छमाही के उपरोक्त अलेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणामों की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा की गई है और निदेशक मंडल द्वारा 28 अक्टूबर, 2024 को आयोजित उनकी संबंधित बैठकों में अनुमोदित किया गया है।
2. कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों ने सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अनुसार 30 सितंबर, 2024 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अलेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा की है।
3. ये अलेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणाम यथासंशोधित कंपनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियम, 2015 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत अधिसूचित भारतीय लेखांकन मानक (इंड एएस 34) 'अंतरिम वित्तीय रिपोर्टिंग' की मान्यता और माप सिद्धांतों के अनुसार तैयार किए गए हैं। उक्त वित्तीय परिणाम कंपनी, उसकी अनुषंगी कंपनियों (एक साथ 'समूह' के रूप में संदर्भित) के परिणामों और सहयोगियों एवं संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओं के परिणामों में उसके हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं जो इंड एएस-110 'समेकित वित्तीय विवरण' और इंड एएस 28 'एसोसिएट्स और संयुक्त उद्यमों में निवेश' के अनुसार तैयार किए गए हैं।
4. 30 सितंबर, 2024 को समाप्त तिमाही के दौरान, कंपनी ने शीतिज प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड के 100% इक्विटी शेयर हासिल कर लिए हैं। परिणामस्वरूप, शीतिज प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड 5 सितंबर, 2024 से कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बन गई।
5. 30 सितंबर, 2024 को समाप्त तिमाही के दौरान, 20 जुलाई, 2024 को आयोजित 39वीं वार्षिक आम बैठक में कंपनी के शेयरधारकों ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 36.50% यानी 0.73 रुपये प्रति इक्विटी शेयर (प्रति इक्विटी शेयर 2 रुपये अंकित मूल्य) की दर से अंतिम लाभांश को मंजूरी दी, जो 24.96 करोड़ रुपये होगा।
6. 30 सितम्बर, 2024 को समाप्त तिमाही और छमाही के कंपनी के स्टैंडअलोन वित्तीय परिणाम कंपनी की वेबसाइट (www.anantrajlimited.com) पर उपलब्ध हैं।

**मुख्य स्टैंडअलोन वित्तीय जानकारी नीचे दी गई है:-** **(करोड़ रुपये में)**

| क्र.सं. | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त छमाही | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.09.2024 (अलेखापरीक्षित) | 30.06.2024 (अलेखापरीक्षित) | 30.09.2023 (अलेखापरीक्षित) | 30.09.2024 (अलेखापरीक्षित) | 30.09.2023 (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2024 (लेखापरीक्षित) |
| 1. | कुल आय | 315.96 | 284.29 | 201.49 | 600.25 | 389.85 | 896.68 |
| 2. | कर पूर्व लाभ/(हानि) | 64.60 | 56.86 | 39.65 | 121.46 | 74.59 | 166.32 |
| 3. | कर पश्चात लाभ/(हानि) | 53.39 | 42.28 | 28.30 | 95.67 | 54.16 | 130.02 |
| 4. | अन्य व्यापक आय/(हानि)) | (1.52) | - | - | (1.52) | - | (1.91) |
| 5. | कुल व्यापक आय/(हानि)) | 51.87 | 42.28 | 28.30 | 94.15 | 54.16 | 128.11 |

7. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दाखिल 30 सितम्बर, 2024 को समाप्त तिमाही और छमाही के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। 30 सितम्बर, 2024 को समाप्त तिमाही और छमाही के कंपनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (विस्तृत नोट सहित) का पूरा प्रारूप नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बीएसई लिमिटेड की वेबसाइटों (www.nseindia.com और www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट www.anantrajlimited.com पर उपलब्ध है।

**निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से**
**कृते अनंत राज लिमिटेड**
**हस्ता./-**
**(अमित सरीन)**
**प्रबंध निदेशक**
**डीआईएन: 00015837**

**स्थान: नई दिल्ली**
**दिनांक: 28 अक्टूबर, 2024**

